वेब चैनल
यूट्यूब न्यूज
1 लाख लोग
# पोलिट लाइव
दैनिक डिजिटल अखबार
www.politelive.com
सफलता पूर्वक साल 6
18 मई 2026 सोमवार अंक 282

A TRUSTED BRAND
CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL
CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)
ADMISSION OPEN
SESSION 2026 - 2027
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION
LIMITED SEATS
FIT INDIA SCHOOL
TOP 500
ISO 9001:2015
NURSERY TO STD. 9 & 11
SCIENCE
COMMERCE & ARTS
9470585217, 9934319186| BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD

# जेल की सलाखों के भीतर जो हुआ, उससे पूरा झारखंड शर्मसार हुआ

## झारखण्ड की महिला जेल मे भी सुरक्षित नहीं : बाबूलाल मरांडी

**बाबूलाल मरांडी ने बिरसा मुंडा कारा में महिला बंदी के साथ काराधीक्षक के पाप की जांच की मांग मानवाधिकार आयोग को लिखा पत्र**



**रांची :** जेल की सलाखों के भीतर जो हुआ, उसने पूरे झारखंड को शर्मसार कर दिया है। रांची के होटवार जेल में न्यायिक अभिरक्षा में बंद एक महिला कैदी के साथ जेल सुपरिटेंडेंट द्वारा लगातार शारीरिक शोषण किए जाने और उसके गर्भवती हो जाने की घटना अत्यंत गंभीर, शर्मनाक और मानवता को झकझोर देने वाली है। पुष्ट जानकारी मिली है कि पीड़ित महिला बंदी को इलाज और बीमारी के बहाने गुप्त स्थानों एवं चिकित्सालयों में ले जाकर जैविक गर्भ एवं फॉरेंसिक साक्ष्यों को नष्ट करने की साजिश रची जा रही है। जेल आईजी स्वयं इस मामले को रफा–दफा करने, फाइलों को गायब करने और दोषी जेल सुपरिटेंडेंट को संरक्षण देने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अवैध गतिविधियों, अधिकारियों के आवागमन और इस पूरे घटनाक्रम के गवाह रहे कर्मियों को भी योजनाबद्ध तरीके से इधर–उधर स्थानांतरित कर चुप कराने का प्रयास किया जा रहा है। हेमन्त सोरेन जी, स्पष्ट सुन लीजिए कि यदि न्यायिक अभिरक्षा में बंद महिला का शारीरिक शोषण करने वाले सुपरिटेंडेंट और सबूतों को मिटाने वाले जेल आईजी को पदमुक्त कर उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया तो, सिद्ध हो जाएगा कि जेल में बंद महिलाओं के शोषण जैसे कुकृत्य में आप और आपके शीर्ष अधिकारी भी संलिप्त हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, माननीय उच्च न्यायालय, माननीय सर्वोच्च न्यायालय संज्ञान लें तथा झारखंड की जेलों में होने वाले महिलाओं के शारीरिक उत्पीड़न और कुकृत्य के खिलाफ कार्रवाई करें।

## प्रधानमंत्री मोदी का नीदरलैंड दौरा पूरा





**एजेंसी,नीदरलैंड:** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूरोप और पश्चिम एशिया के पांच देशों की यात्रा के तीसरे चरण में स्वीडन पहुंचेंगे। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, वो स्वीडन के गोथेनबर्ग शहर में दो दिन रहेंगे। स्वीडन की इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी अपने समकक्ष उल्फ क्रिस्टरसन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस यात्रा का मुख्य फोकस भारत–स्वीडन द्विपक्षीय संबंधों को प्रौद्योगिकी–संचालित आर्थिक साझेदारी में बदलना, ग्रीन–ट्रांजिशन, डिजिटल–इनोवेशन और रक्षा–प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करना है। स्वीडन के अखबार स्वीडन हेराल्ड के अनुसार, प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने बताया कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 और 18 मई तक गोथेनबर्ग में रहेंगे। इस वार्ता में आर्थिक और व्यापारिक मुद्दे प्राथमिकता के केंद्र में होंगे। स्वीडन की सरकार भारत को स्वीडिश कंपनियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण बाजार मानती है। यह मोदी की पहली यात्रा है। 19 मई को प्रधानमंत्री मोदी ओस्लो में भारत–नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे। नीदरलैंड के बीच की मित्रता को अभूतपूर्व गति प्रदान करेंगे। ये परिणाम अनेक क्षेत्रों को समाहित करते हैं और हमारे राष्ट्रों के लिए विकास तथा समृद्धि को बढ़ावा देंगे।

## वीआईपी कल्चर पर बीजेपी सख्त!

### लंबे काफिले निकालने वाले 7 नेता भोपाल तलब



**डेस्क :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नसीहत के बाद अब बीजेपी वीआईपी कल्चर और शक्ति प्रदर्शन पर सख्त नजर आ रही है।

मध्य प्रदेश में लंबे काफिले और समर्थकों की भीड़ के साथ शक्ति प्रदर्शन करने वाले बीजेपी के 7 नेताओं को पार्टी ने भोपाल तलब किया है।बताया जा रहा है कि इन नेताओं ने हाल ही में बड़े काफिलों और रैली जैसे रोड शो के जरिए राजनीतिक ताकत दिखाने की कोशिश की थी, जिस पर संगठन ने नाराज़गी जताई है। बीजेपी नेतृत्व का साफ संदेश है कि पार्टी में अनुशासन सबसे ऊपर है और नेताओं को सादगी के साथ जनता के बीच रहना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक, भोपाल में होने वाली बैठक में नेताओं से जवाब मांगा जाएगा और भविष्य के लिए सख्त निर्देश भी दिए जा सकते हैं।अब देखना होगा कि पार्टी इस मामले में आगे क्या कदम उठाती है।

## रतलाम-कोटा के बीच राजधानी एक्सप्रेस में भीषण आग, जलती बोगियों से मचा हड़कंप



**रतलाम/कोटा :** दिल्ली–मुंबई रेल रूट पर उस समय अफरा–तफरी मच गई जब रतलाम और कोटा के बीच चल रही राजधानी एक्सप्रेस में अचानक भीषण आग लग गई। हादसे की सामने आई तस्वीरों में ट्रेन की बोगियां धू–धू कर जलती दिखाई दे रही हैं, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही ट्रेन के अंदर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। यात्री घबराकर अपनी सीटें छोड़ बाहर निकलने लगे। हालांकि रेल कर्मचारियों और सुरक्षा स्टाफ की त्वरित कार्रवाई ने बड़ा हादसा होने से बचा लिया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी बताई जा रही है। आग लगते ही ट्रेन को तुरंत रोका गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी यात्री के हताहत होने की खबर नहीं है। इंडियन रेलवेज के अधिकारियों के अनुसार ट्रेन स्टाफ और स्थानीय प्रशासन की मुस्तैदी से सभी यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस हादसे के बाद दिल्ली से मुंबई जाने वाला प्रमुख रेल मार्ग अस्थायी रूप से बाधित हो गया है। कई ट्रेनों को रोका गया या डायवर्ट किया गया। घटना रतलाम और कोटा के बीच हुई, जहां राहत और जांच कार्य जारी है। रेलवे ने हादसे की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं और तकनीकी टीम आग लगने के सटीक कारणों की जांच कर रही है।

## लाउडस्पीकर विवाद पर आसनसोल में बवाल: पुलिस चौकी में तोड़फोड़, इलाके में भारी तनाव



आसनसोल : पश्चिम बंगाल के आसनसोल से बड़ी खबर सामने आई है। आसनसोल–दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के जहांगीर मोहल्ला इलाके में धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर नियम लागू कराने पहुंची पुलिस टीम का स्थानीय लोगों से विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि गुस्साई भीड़ ने पुलिस चौकी पर हमला कर दिया।भीड़ ने चौकी में तोड़फोड़ की और पुलिस पर पथराव भी किया। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसके बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई। घटना के बाद पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। कई लोगों को हिरासत में लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज के जरिए उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है, लेकिन इलाके में तनाव बना हुआ है। फिलहाल प्रशासन लोगों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है।

## देवघर में सांसद निशिकांत दुबे से मिले मेयर संजीव सिंह एवं विधायक रागिनी सिंह



**देवघर :** देवघर गोड्डा लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। यहाँ के वर्तमान सांसद निशिकांत दुबे से झरिया विधायक रागिनी सिंह एवं धनबाद मेयर संजीव सिंह ने उनके आवास पर औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान राजनीतिक एवं पारिवारिक विषयों पर आत्मीय चर्चा हुई। साथ ही क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक गतिविधियों एवं जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर भी विचार–विमर्श किया गया। मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जहाँ सभी ने आपसी समन्वय एवं जनहित के विषयों पर सकारात्मक चर्चा की।

## भगवान रुद्रनाथ की देव डोली हिमालय के लिए हुई रवाना, 18 मई को खुलेंगे कपाट

**एजेंसी, देहरादून:** चमोली जनपद में स्थित पंच केदारों में चतुर्थ केदार भगवान रुद्रनाथ की चल विग्रह डोली रविवार को अपने शीतकालीन गद्दी स्थल गोपीनाथ मंदिर, गोपेश्वर से मध्य हिमालय स्थित रुद्रनाथ मंदिर के लिए रवाना हो गई। मंदिर के मुख्य पुजारी हरीश भट्ट ने बताया कि रुद्रनाथ मंदिर के कपाट सोमवार 18 मई को मध्याह्न में परंपरानुसार एवं वैदिक विधि–विधान के साथ ग्रीष्मकाल के लिए खोले जाएंगे। कपाट खुलने के बाद श्रद्धालु भगवान रुद्रनाथ के एकानन स्वरूप के दर्शन एवं पूजा–अर्चना कर सकेंगे। आज कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत गोपीनाथ मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना की गई। पूजा के बाद भगवान रुद्रनाथ की देव डोली जयकारों, पुष्प वर्षा और सेना के बैंड की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालुओं के साथ मंदिर के लिए प्रस्थान कर गई। इस अवसर पर चमोली के प्रभारी मंत्री भरत सिंह चौधरी, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, थराली विधायक भूपाल राम, राज्यमंत्री हरक सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, नगरपालिका अध्यक्ष संदीप रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल बर्तवाल, महामंत्री अरुण मैठाणी, विनोद कनवासी, मंदिर समिति अध्यक्ष मनोज भट्ट, जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार सहित बड़ी संख्या ओं श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बंगाल के तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी पर एफआईआर दर्ज



**कोलकाता :** बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के बाद तृणमूल कांग्रेस के सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी की परेशानियां बढ़ती दिख रही हैं. जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान उनके कथित भड़काऊ भाषण के मामले में बिधाननगर साइबर क्राइम एफआईआर दर्ज की गई है. थाने में एफआईआर दर्ज की गई है.कई धाराओं में की गई है एफआईआर सूत्रों के अनुसार इस एफआईआर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई कथित टिप्पणियों का भी उल्लेख है. उनके खिलाफ बीएनएस की धारा 196 भी लगाई गई है.

# झारखंड में एनजीटी लागू होने से पहले बालू सस्ता होगा



**झारखंड :** झारखंड में बालू की आपूर्ति सामान्य करने के लिए खान विभाग ने नीतिगत बदलाव के बाद अब सभी जिलों को निर्देश देना शुरू कर दिया है। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि बालू खनन पर रोक हटने के साथ ही शनिवार होने के बावजूद छह बालू घाटों से संबंधित कागजी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर दिया गया है। इन्हीं घाटों से कई करोड़ सीएफटी बालू का प्रबंध हो जाएगा। राज्य में 29 और बालू घाटों से संबंधित कागजी कार्रवाई को अनुमति मिलने के बाद पूरे राज्य में उपभोक्ताओं के लिए बालू की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। दुमका समेत कई और जिलों के बड़े बालू घाटों से संबंधित कागजी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं। सरकार के लिए राहत की बात यह भी है कि अधिसंख्य बड़े घाटों को ईसी मिल चुकी है और कहीं भी बालू की कमी नहीं है।

# विश्व उक्त रक्तचाप दिवस पर सप्ताह व्यापी कार्यक्रम का शुभारंभ




**धनबाद :** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर रविवार को सदर अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा तथा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सिविल सर्जन ने खुशहाल जीवन जीने और तनाव मुक्त रहने पर जोर दिया। कहा कि इससे हर व्यक्ति उक्त रक्तचाप की बिमारी से दूर रह सकता है। बताया कि इस वर्ष विश्व उच्च रक्तचाप दिवस की थीम ह्वअपने रक्तचाप को सही जाने, इसे नियंत्रित करें, लंबा और स्वस्थ जीवन पाएं, है। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर 24 मई तक उच्च रक्तचाप तथा इससे बचाव से संबंधित जानकारी को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रसारित करते हुए आम जनमानस को जागरुक किया जाएगा। साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध चिकित्सा पदाधिकारी, कर्मीयों तथा आमजनों को उच्च रक्तचाप की जाँच की जाएगी। कार्यक्रम में सभी चिकित्सा पदाधिकारी, दंत चिकित्सा पदाधिकारी, एन.सी.डी. सेल एवं सदर अस्पताल के कर्मी उपस्थित रहे।

# एनएचआई के विरोध में जनता हुई एकजुट, मनमानी हुईं तो जोरदार आंदोलन की चेतावनी

धनबाद : गोविंदपुर बजार में एन,एच,आई, के बिरोध जनता हुई एकजुट कहा मनमानी हुईं तो जोरदार आंदोलन होगा बैठक में रणनीति बना कर आंदोलन का रूप दिया जाएगा बैटक की अध्यक्षता शरद दुधानी संचालन अमरदीप सिंह धन्यवाद ज्ञापन जितेश जसवाल ने किया जिसमें भाजपा के पूर्व सांसद श्री पशुपतिनाथ सिंह जी वरिष्ठ नेत्री तारा देवी जी जिला अध्यक्ष मोहन कुम्भकार जी बलदेव माहतो जी सुमिता दास जी शत्रुध्न साव सुरेश भगत शंकर साव प्रोस्तम साव अनुप कुमार साव संजय साहु दिल्लु साव जीतु गुप्ता जयजीत मुखर्जी जग्गु साव अनिल कुमार बुबाई दत्ता तालेश्वर साव धर्मेंद्र माहतो विन्नु वर्मन पप्पु विश्वकर्मा राजेश वर्मन सैकड़ों ग्रामीण एवं इत्यादि मोजुद रहें



# धनबाद कांग्रेस में बवाल, जिला अध्यक्ष संतोष सिंह के खिलाफ असंतुष्ट नेताओं ने खोला मोर्चा





- **कांग्रेस का जिलाध्यक्ष भाजपा का स्लीपर सेल : वैभव सिन्हा**
- **जिला अध्यक्ष की तानाशाही अब नहीं चलने दी जाएगी:अशोक लाल**
- **संगठन में योग्यता और समर्पण की जगह पैसे और व्यक्तिगत निष्ठा को प्राथमिकता दी जा रही है.: मनोज सिंह**

धनबादः कांग्रेस में लंबे समय से सुलग रही नाराजगी अब खुलकर सामने आ गई है. पार्टी के असंतुष्ट नेताओं ने जिला अध्यक्ष संतोष सिंह के खिलाफ सीधा हमला बोला है. उन पर संगठन को कमजोर करने, मनमाने ढंग से पद बांटने और आर्थिक लेन-देन के जरिए पदाधिकारी नियुक्त करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं. नेताओं ने दावा किया कि यदि जल्द नेतृत्व परिवर्तन नहीं हुआ तो जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा.

कांग्रेस जिला अध्यक्ष की कार्यशैली पर उठाए सवाल धनबाद के सकिर्ट हाउस में आयोजित बैठक में कांग्रेस के कई वरिष्ठ और पुराने कार्यकर्ता जुटे. बैठक में पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोज सिंह, वरिष्ठ नेता अशोक लाल और वैभव सिन्हा ने जिला अध्यक्ष की कार्यशैली पर तीखा सवाल उठाया. नेताओं का आरोप था कि संगठन में योग्यता और समर्पण की जगह पैसे और व्यक्तिगत निष्ठा को प्राथमिकता दी जा रही है. बैठक को संबोधित करते हुए वैभव सिन्हा ने कहा कि जिलाध्यक्ष संतोष सिंह भाजपा के स्लीपर सेल की तरह काम कर रहे हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में उनकी भूमिका संदेहास्पद रही थी। इसके अलावा विधानसभा चुनाव में भी बाघमारा सीट पर उनके एक करीबी के चुनाव मैदान में उतरने के कारण कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा और इस मामले में जिलाध्यक्ष ने कोई ठोस पहल नहीं की। झरिया सीट, जो कांग्रेस के पास थी, वहां भी जिलाध्यक्ष की भूमिका के कारण ही पार्टी को पराजय झेलनी पड़ी। नगर निगम चुनाव में भी वह कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी शमशेर आलम को पार्टी का वोट दिलाने में पूरी तरह विफल रहे।

मनोज सिंह ने कहा कि कांग्रेस लगातार चुनावों में कमजोर प्रदर्शन कर रही है. लेकिन इसके बावजूद जिला नेतृत्व में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा. उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारियों पर निजी हितों के लिए दबाव बनाया जा रहा है. जब अधिकारी नियमों के विरुद्ध काम करने से इनकार करते हैं, तो उनके खिलाफ आंदोलन खड़ा कर दिया जाता है. संगठन में पद के बदले रकम लेने का आरोप बैठक में यह भी आरोप लगाया गया कि संगठन के छोटे पदों के लिए भी कथित रूप से रकम ली जा रही है. नेताओं ने कहा कि इससे समर्पित कार्यकर्ताओं का मनोबल टूट रहा है और पार्टी की साख को नुकसान पहुंच रहा है. कांग्रेस नेता अशोक लाल ने कहा कि जिला अध्यक्ष की तानाशाही अब नहीं चलने दी जाएगी. उन्होंने साफ कहा कि यदि हाईकमान ने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया तो कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे.

# झरिया विधायक रागिनी सिंह ने देवघर के प्रसिद्ध बाबा मंदिर की पूजा अर्चना



देवघर : रागिनी सिंह एवं संजीव सिंह ने रविवार को देवघर स्थित विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान विधायक रागिनी सिंह और मेयर संजीव सिंह ने एक साथ मंदिर में जलार्पण कर बाबा भोलेनाथ से झरिया, धनबाद समेत पूरे राज्य की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद दोनों बाबा बासुकीनाथ धाम भी पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ भगवान शिव का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक यात्रा के दौरान मंदिर परिसर ह्लबोल बमह्व और ह्लहर हर महादेवह्व के जयघोष से गूंजता रहा। विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ और बाबा बासुकीनाथ की कृपा से क्षेत्र में शांति, खुशहाली और विकास बना रहे, यही प्रार्थना की गई है। वहीं मेयर संजीव सिंह ने कहा कि देवाधिदेव महादेव के दर्शन से मन को अद्भुत शांति और ऊर्जा मिली है।



## महुदा इंटर कॉलेज के सचिव का ऑडियो वायरल, पत्रकारों में भारी आक्रोश; थाना नही पहुँचने पर भड़के मीडियाकर्मी

महुदा धनबाद : महुदा इंटर कॉलेज एक बार फिर विवादों के घेरे में है। कॉलेज के सचिव दीपनारायण शर्मा द्वारा स्थानीय पत्रकारों के साथ कथित तौर पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का एक ऑडियो वायरल हुआ है, जिसके बाद से क्षेत्रीय पत्रकारों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उपायुक्त आदित्य रंजन और एसडीओ से मुलाकात कर सचिव के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग कर चुका है।

पुलिस के बुलावे पर भी नहीं पहुंचे आरोपी सचिव प्रशासनिक अधिकारियों से मिले ठोस आश्वासन के बाद, रविवार को महुदा पुलिस ने मामले के समाधान और जांच के लिए दोनों पक्षों को थाने में तलब किया था। तय समय के मुताबिक कतरास प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल महुदा थाना पहुंच गया, लेकिन दूसरा पक्ष यानी कॉलेज सचिव दीपनारायण शर्मा नदारद रहे। पुलिस अधिकारियों द्वारा बार-बार फोन किए जाने के बावजूद सचिव थाने में उपस्थित नहीं हुए, जिससे पत्रकारों की नाराजगी और बढ़ गई।


निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग सचिव के इस अड़ियल रवैए से आक्रोशित पत्रकारों ने जांच अधिकारी बिनोद सिंह से मुलाकात की। उन्होंने मामले में बिना किसी दबाव के, शीघ्र और निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

प्रतिनिधिमंडल में ये रहे शामिलः कतरास प्रेस क्लब और स्थानीय पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से जितेंद्र पासवान, निकेश पाण्डेय, धर्मेंद्र सिंह, सुजीत सिन्हा, शमशेर खान, सामिद खान, विजय भारती, दुलाल रजवार, मो राजा, रोशन हजारी, धर्मेन्द्र सिंह समेत क्षेत्र के कई गणमान्य पत्रकार उपस्थित थे।



## अजब प्रेम की गजब कहानी

# टावर पर चढ़ा प्यार का बुखार : पहले प्रेमी और अब प्रेमिका, शादी के लिए अनोखी बगावत





**धनबाद:** इश्क जब जिद बन जाए, तो लोग हर हद पार कर जाते हैं. गिरिडीह और धनबाद के बीच सामने आई एक अनोखी प्रेम कहानी ने हर किसी को हैरान कर दिया है. पहले गिरिडीह में शादीशुदा प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने और शादी की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया. फिर अगले ही दिन, उसी प्रेमी से मिलने की जिद में प्रेमिका भी धनबाद के गोमो में मोबाइल टावर पर चढ़ गई. दोनों की ख्वाहिश एक ही है, हर हाल में साथ रहना.

धनबाद का रहने वाला सुनील महतो, जो पहले से शादीशुदा है और गिरिडीह जिले के नवाडीह पंचायत के सहरिया गांव की 20 वर्षीय देवंती के बीच प्रेम संबंध काफी समय से चल रहा था. शनिवार को सुनील अपनी प्रेमिका देवंती से मिलने और उससे शादी करने की जिद में गिरिडीह के निमियाघाट स्थित एक मोबाइल टावर पर चढ़ गया. करीब सात घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस ने उसे सुरक्षित नीचे उतारा और थाने ले जाया गया.

हालांकि, यह कहानी यहीं खत्म नहीं हुई. रविवार को प्रेमी से मिलने और उसे थाने से छुड़ाकर शादी करने की जिद में देवंती धनबाद जिले के हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोमो में एक मोबाइल टावर पर चढ़ गई. टावर पर चढ़ी युवती को देखकर इलाके में अफरा–तफरी मच गई. देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. सूचना मिलते ही हरिहरपुर थाना प्रभारी अंकित सिन्हा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे. घंटों तक समझाने–बुझाने के बाद भी युवती नीचे उतरने को तैयार नहीं हुई. वह बार–बार यही कहती रही – ह्लमुझे सुनील से मिलवा दीजिए, मैं उसी से शादी करूंगी.ह्व आखिरकार पुलिस ने प्रेमी से मिलाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद देवंती टावर से नीचे उतरी.

थाना प्रभारी अंकित सिन्हा ने बताया कि युवती धनबाद निवासी सुनील महतो से प्रेम करती है और उससे शादी करना चाहती है. हालांकि सुनील पहले से विवाहित है. मामले में युवक के परिजनों को बुलाया गया है और बातचीत के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# बिनोद बिहारी चौक के समीप स्थानीय लोगों ने 5 गोवंश पकड़े, प्रशासन ने की कार्रवाई




**धनबाद :** धनबाद जिले के बिनोद बिहारी चौक के समीप रविवार सुबह एक संदिग्ध वाहन से पांच गोवंश के मिलने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 9 बजे कुछ स्थानीय लोग बिनोद बिहारी चौक के समीप में मौजूद थे, तभी एक वाहन असामान्य स्थिति में गुजरता हुआ दिखाई दिया।संदेह होने पर लोगों ने वाहन को रुकवाया, और देखा तो उसमें पांच गौवंश लदे थे।वहीं स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी पशुओं को सुरक्षित बाहर निकाला गया जिसके बाद लोगों ने तुरंत पुलिस और जीव कल्याण विभाग को सूचना दी। जहां थाना प्रभारी के निर्देश पर मौके पर पहुंची टीम ने सभी गोवंश को सुरक्षित Rescue किया।

इस दौरान आरोपी चालक ने भागने की कोशिश की और लोगों को धमकाने की भी बात सामने आइ

लेकिन लोगों की एकजुटता के सामने उसकी एक नहीं चली। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख्त निगरानी और उचित कार्रवाई की जाए, ताकि पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# डिपल चौबे का अवैध खनन पर फिर प्रहार, तीसरा थाना दोबारा जाकर की अवैध खनन तस्करी रोकने की मांग

**धनबाद :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के धनबाद महिला अध्यक्ष डिंपल चौबे ने अवैध खनन और कोयला तस्करी पर लगातार मुद्दा उठाने के साथ ही हमेशा सुर्खियों पर रही है बताते चले कि आज रविवार को तीसरा थाना पहुंची और पूर्व में दिए गए आवेदन पर अब तक कार्यवाही नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की थाना प्रभारी द्वारा आश्वासन फिर प्राप्त हुआ डिंपल चौबे का स्पष्ट कहना है कि जब तक अवैध खनन बंद नहीं होता है तब तक झारखंड का विकास संभव नहीं झारखंड में राजस्व का भारी छती पहुंच रही युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा आज के समय में इसे देखने वाला कोई नहीं डिंपल चौबे ने कहा छह सात माह पूर्व भी अवैध खनन कोयला बालू तस्करी को रोकने को लेकर खनन पदाधिकारी धनबाद, वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद और धनबाद उपायुक्त को ज्ञापन सोपा गया था परंतु अब तक प्रशासन द्वारा अवैध खनन कोयला तस्करी पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया यहां तक की कितना आउटसोर्सिंग कंपनियों में सीधे अवैध कोयला की गाड़ियां धड़ल्ले से चल रही है अगर प्रशासन अवैध गाड़ियां रोकने में सक्षम नहीं है तो निश्चित रूप से सड़क पर उतरकर अवैध वाहनों को रोकने का काम किया जाएगा।



# जेईई एडवांस परीक्षा संपन्न, आईआईटी आईएसएम धनबाद बनी छात्रों की पहली पसंद







**धनबाद :** देश के प्रतिष्ठित 23 आईआईटी समेत अन्य शीर्ष तकनीकी संस्थानों में नामांकन के लिए रविवार को जेईई एडवांस परीक्षा आयोजित की गई। धनबाद में परीक्षा के लिए दो केंद्र बनाए गए थे, जहां सुबह से ही परीक्षार्थियों की भीड़ देखने को मिली। परीक्षा दो पालियों में हुई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरती गई।

पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा शुरू होने से काफी पहले ही छात्र–छात्राएं केंद्रों पर पहुंच गए थे। प्रवेश से पहले सभी अभ्यर्थियों की कड़ी जांच की गई और बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी की गई। परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों की भी भारी भीड़ देखने को मिली।

पहली पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद बाहर निकले छात्रों ने पेपर को संतुलित बताया। अधिकांश परीक्षार्थियों के अनुसार इस बार मैथ और फिजिक्स सेक्शन में कुछ सवाल चुनौतीपूर्ण थे, जबकि केमिस्ट्री अपेक्षाकृत आसान रही। छात्रों का कहना था कि नियमित तैयारी करने वालों के लिए पेपर ज्यादा कठिन नहीं था। परीक्षा समाप्त होने के बाद अब छात्रों को रिजल्ट का इंतजार है, जिसके आधार पर देश के प्रतिष्ठित आ-ईआईटी संस्थानों में दाखिला मिलेगा।

## धनबाद में आस्था का अद्भुत नजाराः शरीर में कील चुभोकर शिवभक्ति में लीन हुए श्रद्धालु

**धनबाद :** धनबाद के स्टील गेट शिव मंदिर परिसर में चड़क पूजा के दौरान आस्था, विश्वास और रोमांच का अनोखा संगम देखने को मिला।

भगवान भोलेनाथ के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा प्रकट करते हुए शिवभक्तों ने शरीर में कील चुभोकर पूजा–अर्चना की। हर–हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा और यह दृश्य देखकर लोग दंग रह गए।

सरायढेला सुगियाडीह के सूरज कुमार ने अपने शरीर में 16 कील लगाकर पूजा की। उन्होंने बताया कि वह पिछले आठ वर्षों से भगवान शिव की भक्ति में यह पूजा करते आ रहे हैं।

चड़क पूजा समिति और कोला कोसुमा ग्राम पंचायत के तत्वावधान में आयोजित इस पूजा में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर में लगे मेले, छाऊनृत्य और खोरठा ऑर्केस्ट्रा ने माहौल को उत्सव में बदल दिया। समिति के सचिव उमेश महतो ने बताया कि पहले यह आयोजन छोटे स्तर पर होता था, लेकिन अब इसे भव्य रूप दिया गया है। इस वर्ष कुल 117 श्रद्धालुओं ने चड़क पूजा में हिस्सा लिया।

भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक रंगों से सजा यह आयोजन देर रात तक श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा।



# ऑपरेशन सिंदूर की पहली बरसी पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



**धनबाद :** ऑपरेशन सिंदूर की पहली बरसी पर इस दौरान जान कुर्बान करने वाले शहीदों के सम्मान में आर्किस्ट्रा मेलोडी नाईट रेज़ एवं युथ कांसेप्ट द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन दिगवाडीह स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में आज शाम 7 बजे किया गया।

कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर के शहीद रामबाबू सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती अंजलि एवं उनके माता–पिता, जो झलगोरा, धनबाद के निवासी हैं, को सम्मानित किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि शहीद रामबाबू सिंह के परिवार का सम्मान कर उन्हें अत्यंत खुशी हुई है। ऐसे कार्यक्रम शहीदों के परिवारों को संबल प्रदान करते हैं तथा समाज स्वयं को शहीदों के साथ गौरवान्वित महसूस करता है। सभी लोगों ने झारखंड की बेटी श्रीमती अंजलि को हर संभव सहयोग देने की बात कही।कार्यक्रम में सैकड़ों वृक्षों का पालन–पोषण करने वाले प्रसिद्ध श्री गजेंद्र जी एवं दिगवाडीह की पार्षद काजल कुमारी अपने पिता श्री अखिलेश सिन्हा के साथ उपस्थित थीं। देशभक्ति गीतों के माध्यम से अदनान, मदन, अनिल, डॉली, महावीर, विजय, शंकर, योगेश एवं आनंद आदि ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का संचालन भूतपूर्व बीसीसीएल अधिकारी वी.के. साह ने किया।

# भारत को आध्यात्मिक कवच प्रदान करने के लिए मुंबई में 'श्री राजमातंगी महायज्ञ' संपन्न





## रामराज्य के संकल्प की पूर्ति के लिए प्रभादेवी में हजारों श्रद्धालुओं उपस्थिति

### भारत सहित अमेरिका, कनाडा, जापान, जर्मनी आदि 40 देशों के हजारों श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन लिया लाभ!

मुंबई : वर्तमान वैश्विक अशांति और युद्ध जैसी परिस्थितियों की पृष्ठभूमि में, भारत को चारों ओर से एक अभेद्य आध्यात्मिक सुरक्षा कवच प्राप्त हो, इस मुख्य उद्देश्य के साथ मुंबई में 'श्री राजमातंगी महायज्ञ' अत्यंत दिव्य और चैतन्यमय वातावरण में संपन्न हुआ। सनातन संस्था की ओर से प्रभादेवी, मुंबई स्थित नर्दुल्ला टैंक मैदान में आयोजित इस महायज्ञ में 7000 से अधिक श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। राष्ट्ररक्षा, देश की सर्वांगीण प्रगति और 'रामराज्य' की संकल्पना को साकार करना ही इस भव्य आयोजन के पीछे का मुख्य संकल्प था।

इस अवसर पर विधायक श्री. ज्ञानेश्वर म्हात्रे, विधायक डॉ. मनीषा कायंदे, श्री सिद्धिविनायक मंदिर के कोषाध्यक्ष श्री. आचार्य त्रिपाठी, स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक के अध्यक्ष श्री. रणजीत सावरकर, पीतांबरी उद्योगसमूह के व्यवस्थापकीय संचालक श्री. रवींद्र प्रभुदेसाई सहित विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति और संत–महात्मा उपस्थित थे। इस महायज्ञ का सनातन संस्था के यूट्यूब चैनल के माध्यम से दुनिया भर में सीधा प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) किया गया। इसके माध्यम से भारत के कई राज्यों सहित अमेरिका, कनाडा, जापान, जर्मनी, चीन, अर्जेंटीना, पोलैंड, थाईलैंड, ब्राजील आदि 40 देशों के हजारों श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन जुड़कर इस महायज्ञ का आध्यात्मिक लाभ उठाया।

सनातन संस्था के प्रवक्ता श्री. अभय वर्तक ने इस अवसर पर कहा, ह्लआज जब देश चारों ओर से विभिन्न चुनौतियों से घिरा हुआ है, तब भारत की रक्षा के लिए केवल भौतिक या सैन्य शक्ति ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके साथ आध्यात्मिक बल का जुड़ा होना भी अत्यंत आवश्यक है। आदिशक्ति की ह्यदस महाविद्याओंह्न में परम शक्तिशाली मानी जाने वाली श्री राजमातंगी देवी का यह महायज्ञ भारत को एक अभेद्य आध्यात्मिक कवच प्रदान करेगा। सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत आठवले जी ने जिस मुंबापुरी (मुंबई) की भूमि से अपने धर्मकार्य का श्रीगणेश किया था, उसी पावनभूमि से राष्ट्र निर्माण की दिशा में आज यह एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। सनातन संस्था के संस्थापक सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत आठवले की आध्यात्मिक उत्तराधिकारिणी श्रीसत्शक्ति (श्रीमती) बिंदा सिंगबाल और श्रीचित्शक्ति (श्रीमती) अंजली गाडगीळ ने यजमान के रूप में, तथा उनके साथ सैकड़ों सह–यजमानों ने इस शक्तिशाली वैदिक अनुष्ठान को पूर्ण किया। गंभीर शंखनाद और राष्ट्रकल्याण के महासंकल्प के साथ यज्ञ का प्रारंभ हुआ। श्रीमहालक्ष्मी अष्टोत्तर नामावली के मंत्रोच्चार के बीच कुंकुमार्चन किया गया और श्री राजमातंगी देवी के मूलमंत्रों के साथ यज्ञकुंड में आहुतियां समर्पित की गईं। ह्यमहिषासुरमर्दिनी स्तोत्रह्न के सामूहिक पाठ के साथ इस मंगल विधि का समापन हुआ। इस महायज्ञ का पौरोहित्य इरोड, तमिलनाडु के शिवागम विद्यानिधि आगमाचार्य श्री. अरुणकुमार गुरुमूर्ति ने किया, तथा शिवाचार्य श्री. गुरुमूर्ति इस यज्ञ के मुख्य आचार्य थे।

वर्तमान में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देश भर में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' मनाया जा रहा है। इस ऐतिहासिक पर्व का औचित्य साधते हुए, 1 हजार वर्ष पूर्व विदेशी आक्रामक महमूद गझनी द्वारा खंडित किए गए और प्रत्यक्ष भगवान चंद्रदेव द्वारा स्थापित किए गए सोरटी सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दिव्य अंशों का सीधे मुंबई में दर्शन करने का एक अभूतपूर्व स्वर्ण अवसर इस यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं को मिला; जिसका हजारों भक्तों ने अत्यंत भावपूर्ण हृदय से लाभ उठाया। इस आध्यात्मिक समारोह के साथ–साथ यज्ञ स्थल पर लगाई गई सनातन–निर्मित अध्यात्म, राष्ट्र रक्षा, आयुर्वेद और धर्मशास्त्र जैसे विषयों की अनमोल ग्रंथों और फलक प्रदर्शनी को भी मुंबईकरों की ओर से उत्कृष्ठ प्रतिक्रिया मिली।

इस ऐतिहासिक में विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति, संत–महंत, हिंदुत्वनिष्ठ और मंदिर ट्रस्टी सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे। सभी ने एक सुर में भारत के सर्वांगीण विकास और शत्रुओं के विनाश के लिए सामूहिक प्रार्थना की।

## ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया, गोविंदपुर के छात्रों का बाल कवि सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन

गोविंदपुर : दिल्ली पब्लिक स्कूल, ह्लबाल कवि सम्मेलनह्व में ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया, गोविंदपुर के छात्र फरहान अख्तर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। फरहान की कड़ी मेहनत और लगन को इस सफलता के रूप में सम्मान मिला।इसी प्रतियोगिता में सौरव कनौजिया ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का दिल जीत लिया।विद्यालय परिवार ने दोनों छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्लोबलियंस को अपने इन होनहार छात्रों पर गर्व है।






## अल इकरा बीएड कॉलेज में नवचेतना 2026 कार्यक्रम हुआ

गोविंदपुर : जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने रविवार को अल इकरा बीएड कॉलेज में आयोजित नवचेतना 2026 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज को समर्पित शिक्षकों की जरूरत है। टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में प्रशिक्षकों को इसके लिए भी मानसिक रूप से तैयार करना चाहिए कि उन्हें शहर या गांव जहां भी ड्यूटी मिले, पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ शिक्षण कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में अल इकरा कॉलेज की अपनी विशिष्ट प्रतिष्ठा है। यहां के प्रशिक्षु हर विधा में पारंगत होते हैं। कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ मो शमीम अहमद ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं बल्कि समाज निर्माण की सबसे प्रभावशाली शक्ति है । एक शिक्षक केवल पाठ ही नहीं पढाता, बल्कि वह राष्ट्र की प्रगति, संस्कृति और भविष्य का निर्माण करता है। इसलिए सभी प्रशिक्षु आने वाले भारत के निर्माता है । कॉलेज के सचिव डॉ एस खालिद ने कहा कि केवल बीएड या डीएलएड की डिग्री से ही सरकारी शिक्षक नहीं हो सकते, इसके लिए उन्हें प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ानी होगी। इस अवसर पर एमएड की टॉपर अल्तमस, हिमाद्री कुमारी एवं काजल कुमारी, बीएड की टॉपर गुलनाज खातून, कुलसुम खातून एवं शमा परवीन तथा डीएलएड की टॉपर मुस्कान शाहिना रजा, नफीस सरवर एवं आकांक्षा को डीईओ ने प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। समारोह में कॉलेज की अध्यक्ष सुरैया खानम, खालिद परवेज, प्रो निखत परवीन, प्रो अशरफ अली, डा ममता कुमारी, डॉ फातिमा अनवर, डॉ नादरा रहमान, हसनैन अख्तर, अब्दुल्ला, डा नंदन चंद्र पाणि आदि मौजूद थे।